COVERAGE OF JAIPURIA SUNRISE GREENS IN NEWSPAPERS

[13-4-15]

850 को मिलेंगे PNG कनेक्शन

■ एनबीटी न्यूज, इंदिरापुरम

> जयपुरिया सोसायटी में फर्स्ट फेज में 450 फ्लैट्स में दिए जा चुके हैं कनेक्शन

जयपुरिया सोसायटी के सभी रेजिडेंट्स के घरों तक अब पीएनजी की पाइपलाइन से गैस सप्लाई की जाएगी। पहले फेज में यहां 450 फ्लैट्स के रेजिडेंट्स को कनेक्शन दिया जा चुका है। अब सेकंड फेज में 850 फ्लैट्स के रेजिडेंट्स को कनेक्शन देने की तैयारी की जा रही है। दरअसल, इस सोसायटी में अब तक सभी रेजिडेंट्स को पीएनजी का कनेक्शन मिल जाता मगर जिस ठेकेदार को यहां पर फ्लैटों में कनेक्शन देने का टेंडर दिया गया था, वे काम पूरा नहीं कर सका। जिसकी वजह से कंपनी को नए सिरे से टेंडर कराना पड़ा। सोसायटी के प्रेजिडेंट कमल आनंद ने बताया कि सोसायटी में 1100 फ्लैट्स हैं। इनमें से 450 फ्लैट्स के रेजिडेंट्स को पहले चरण में कनेक्शन दे दिया गया है और दूसरे चरण में बाकी के फ्लैट्स के रेजिडेंट्स को भी कनेक्शन दे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पीएनजी का रेट कम है। इस वजह से सभी फ्लैट्स ओनर्स कनेक्शन लेने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

होगी बचत

दरअसल, जिन सोसायटियों में पीएनजी की पाइपलाइन नहीं पड़ी है। वहां पर गैस कंपनियों के डिलिवरीमैन गैस का सिलिंडर कंधे पर या फिर लिफ्ट में घसीटते हुए ले जाते हैं। साथ ही कई बार सीढ़ियों पर सिलिंडर पटक देते हैं, जिससे फर्श टूट जाती है। कई बार डिलिवरीमैन सिलिंडर से गैस की चोरी करते हैं। ऐसे में पीएनजी पाइपलाइन लग जाने के बाद इन सब झंझट से राहत मिल जाएगी।

नवभारत टाइम्स NBT Ghaz
MONDAY, 13 APRIL 2015

नई दिल्ली | बुधवार | 8 अप्रैल 2015

अमर उजाला | हॉट सिटी

पार्किंग एरिया पर कब्जा कर रखे खोखे

जयपुरिया सनराइज ग्रीन सोसायटी के बाहर अतिक्रमण

इंदिरापुरम(ब्यूरो)। जयपुरिया सनराइज ग्रीन सोसायटी के बाहर अतिक्रमण लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि कुछ दुकानदार सोसायटी के बाहर ही अवैध रूप से खोखे बना रहे हैं। आरडब्ल्यूए का कहना है कि जहां दुकानें खुल रही हैं, वह सोसायटी का पार्किंग एरिया है अगर दुकान के अंदर किचन खुल गया, तो सोसायटी में बड़ा हादसा हो सकता है। आरडब्ल्यूए ने जीडीए को पत्र भेजकर इन दुकानों को हटाने की मांग की है। जयपुरिया सनराइज ग्रीन सोसायटी के बाहर पार्किंग बनाई गई हैं, जहां पार्किंग है। ऐसे में दुकानें खुलने से लोगों को परेशानी होगी। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कमल आनंद ने बताया की समस्या के लिए जीडीए को पत्र भेजा गया है। वहीं जीडीए के

सोसाइटी के बाहर दुकानदारों द्वारा खोली जा रही किचन।

अधिशासी अभियंता कप्तान सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। कुछ माह पहले भी सोसायटी के बाहर अतिक्रमण की समस्या बनी थी। तब आरडब्ल्यूए ने खुद ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। बावजूद इसके दुकानें नहीं हटीं। आरडब्ल्यूए की शिकायत पर जीडीए के प्रवर्तन दस्ता ने अतिक्रमण अभियान चलाकर दुकानें हटाई थीं।

जयपुरिया सनराइज ग्रीन को मिला पीएनजी का तोहफा

इंदिरापुरम। जयपुरिया सनराइज ग्रीन सोसायटी के रेजिडेंट्स को लंबे इंतजार के बाद आखिरकार पीएनजी लाइन का तोहफा मिल गया। आरडब्ल्यूए के प्रयास से पहले चरण में 550 घरों में कनेक्शन मिला है। दूसरे चरण के लिए 850 लोगों ने आवेदन किया है। एक माह में इन्हें भी कनेक्शन मिल जाएगा। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कमल आनंद ने बताया कि पिछले दो वर्ष से प्रयास किया जा रहा था। स्थानीय निवासी अशोक शर्मा और मनोज नायर ने बताया कि अब सिलेंडर भरवाने से छुटकारा मिल गया है।